# न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, डीडवाना(नागौर)

पीठासीन अधिकारी : बिहारी लाल मीणा, आर०ए०एस०

अपील संख्या 77/2018

1— नेमाराम पुत्र भागुराम जाति नायक निवासी विश्वनाथपुरा तहसील लाडनुं जिला नागौर

.....अपीलान्ट

बनाम

1— तहसीलदार लाडनूं जिला नागौर राज0

.....रेस्पोडेन्ट

उपस्थित अधिवक्ता—

1—श्री महावीर प्रसाद गुर्जर एवं श्री विक्रम कुड़ी अधिवक्ता अपीलान्ट

अपील अर्न्तगत धारा 75 एल.आर.एक्ट विरूद्ध निर्णय तहसीलदार लाडनूं बअनुवान राज0सरकार जरिये पटवारी हल्का, सुनारी बनाम नेमाराम मु0 नं0 70/18 अन्तर्गत धारा 91 एल.आर. एक्ट दिनांक 11.09.2018

निर्णय

दिनांक : 23.01.2019

अपीलान्ट की ओर से निम्न अपील पेश है :—

1. यह है कि प्रकरण के तथ्य संक्षेप मे इस प्रकार है कि पटवारी हल्का सुनारी ने दिनांक 06.07.2018 को इस आशय की रिपोर्ट पेश की है कि अप्रार्थी नेमाराम

अतिरिक्त जिला कलक्टर
डीडवाना (नागौर)

पुत्र श्री भागुराम जाति नायक निवासी विश्वनाथपुरा तहसील लाडनू जिला नागौर राज0 ने खसरा नम्बर 304 रकबा 00.05 बीघा किस्म गैर मुमकिन भूमि गौचर पर पक्का व दिवार बनाकर राजकीय भूमि पर अतिक्रमण किया है तथा अतिक्रमी को अतिक्रमित भूमि से बेदखल करने का निवेदन किया।

पटवारी हल्का, सुनारी की रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के तहत नोटिस जारी कर तलब किया गया। अप्रार्थी को नोटिस तामील होकर प्राप्त हुआ जो शामिल मिसल है। पटवारी हल्का से निर्धारित प्रपत्र मे रिपोर्ट प्राप्त की गई जो कि शामिल पत्रावली की गई।

हमने हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का भली–भांति अध्ययन एवम् अवलोकन किया ,ग्राम विश्वनाथपुरा के खसरा नम्बर 304 किस्म गै0 मु0 गौचर रकबा 00.05 बीघा भूमि पर **नेमाराम** पुत्र **श्री भागुराम** जाति **नायक** निवासी विश्वनाथपुरा तहसील लाडनू जिला नागौर राज0 द्वारा गौचर की भूमि पर अतिक्रमण किया है। पत्रावली के अवलोकन से यह पाया गया कि **नेमाराम** पुत्र श्री भागुराम जाति **नायक** निवासी विश्वनाथपुरा द्वारा पूर्व मे अतिक्रमण किये जाने पर भू0 भू0 राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के प्रावधानों का उल्लंघन किये जाने पर न्यायालय तहसीलदार लाडनू मे मु0 न0 70/2018 दर्ज कर अनुसार निर्णय दिनांक 11.09.2018 ( **सरकार बनाम नेमाराम** ) मे अतिक्रमी पाया जाकर बेदखल किये जाने व सम्वत् 2075 की लगान दर 0.45 रूपये का जुर्माना 06 रूपये के आदेश पारित किये है।

इस प्रकार उक्त अतिक्रमी माना जाकर धारा 91 एल आर एक्ट मे प्रदत्त शक्ति के अनुसार अप्रार्थी को खसरा सं0 304 किस्म गै0 मु0 गौचर रकबा 00.05 बीघा भूमि से बेदखल किये जाने का आदेश दिया गया है। इस निर्णय से व्यथित होकर अपीलार्थी यह अपील निम्न आधार पर प्रस्तुत करता है:–

अतिरिक्त जिला कलक्टर
डीडवाना (नागौर)

## —: अपील के आधार :—

... अधिनस्थ न्यायालय ने निर्णय अधिन अपील पारित करने में ...क्याती भूल की है, अतः निर्णय अधिन अपील अपास्त किये ...

... अधिनस्थ न्यायालय ने अभिलेख पर उपलब्ध सामग्री के ... अधिन अपील पारित करने में कानूनी एवंम वाक्याती भूल की ... अधिन अपील अपास्त किये जाने योग्य है।

... अधिनस्थ न्यायालय ने अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्य के ...लय के सामान्य सिद्धान्तों की अवहेलना करते हुए निर्णय अधिन ... करने में घोर त्रुटि की है, अतः निर्णय अधिन अपील अपास्त ... है।

... अधिनस्थ न्यायालय ने किसी प्रकार की कोई साक्ष्य पत्रावली ... है तथा न ही पटवारी हल्का के बयान कलमबद्ध किये है। ...लान्ट/प्रार्थी को साक्ष्य सबुत का अवसर भी नहीं दिया है, इस ...लाधीन निर्णय अपास्त किये जने योग्य है।

... कि अपीलार्थी को न्यायालय तहसीलदार लाडनूं द्वारा पक्ष रखने का ...सर नहीं दिया गया ना ही पटवारी हल्का द्वारा पटवारी रिपोर्ट ... के समक्ष बनाई तथा ना ही अपीलार्थी के हस्ताक्षर करवाये गये है, ... अपीलाधीन निर्णय अपास्त किये जाने योग्य है।

... कि अपीलार्थी द्वारा जिस स्थान पर अतिक्रमण करना बताया गया है, ...न पर अपीलान्ट के रहवासीये मकानात पूर्वजों के समय से ही बने ... तथा स्थानीय प्रशासन ग्राम पंचायत सुनारी द्वारा उक्त खसरा नम्बर ... ने आबादी विस्तार के लिये जिला कलक्टर नागौर को भी आबादी भूमि ... भूमि के आवंटन हेतु भी निवेदन किया हुआ है, जिससे स्पष्ट है कि ...र्थी का उक्त स्थान पर किसी प्रकार से अतिक्रमण न होकर साधिकार

... रहवास करते आ रहे है। जिससे भी अधिनस्थ ... अपील अपास्त किये जाने योग्य है।

... नम्बर 304 की भूमि में पिढियों से अपने रहवासी ... तथा अपने रहवासी मकानात में बिजली पानी जैसी ... कनैक्शन भी संबंधित विभागों से ले रखे है। जिससे भी ... अपास्त किये जाने योग्य हैं ।

... के पास उक्त रहवासीये मकानात के अलावा अन्य कोई ... जायगा ग्राम विश्वनाथपुरा में उपलब्ध नहीं है, एक मात्र ... मकानात ही रहवास का स्थान है जहॉ से अपीलार्थी को ... कारण के ही बेदखल कर दिया जाता है अथवा वर्षो की ... कमाई से बनाये गये रहवासीय मानात को तोड फोड कर ... तो अपीलार्थी उसके परिवार खुले आसमान के नीचें जीवनयापन ... मजबुर हो जावेगें। जिस पर भी अधिनस्थ न्यायालय ने कोई ... उक्त आदेश पारित किया है, जिससे उपरोक्त कार्यवाही ... विरूद्ध ड्रोप किया जाना न्याय हित में है।

... हल्का पटवारी ने भौतिक रूप से मौके पर बिना कोई नाप चौक ... नजरना तौर पर अतिक्रमण रिपोर्ट बनाकर अपीलान्ट के विरूद्ध धारा ... सहित कार्यवाही करने की अनुशंषा की है, जो मौके पर बिना कोई ... रूप से नाप चौक किये ही तहसीलदार महोदय के समक्ष रिपोर्ट ... कर दी, जिससे उपरोक्त अधिनस्थ न्यायालय का आदेश अपास्त किये ... योग्य है।

... है कि मौके पर अपीलार्थी द्वारा उपर वर्णित खसरे में किसी प्रकार का ... अतिक्रमण नहीं किया गया है। इस कारण अपीलाधीन निर्णय अपास्त ... जाने योग्य है।

... है कि अन्य उजरात वर वक्त बहस अर्ज किये जावेगें।

अतिरिक्त जिला कलक्टर
जैतारण (पाली)

... के अपील श्रीमान के क्षेत्राधिकार व श्रवणाधिकार की है व अन्दर ... है

... अपील अपीलार्थी मय शपथपत्र प्रस्तुत कर निवेदन है किया है ... 11.09.18 को पारित आदेश व निर्णय जैर अपील को अपास्त व ... जाने की कृपा करावे।

...अधिवक्ता अपीलान्ट ने यह अपील दिनांक 11.10.18 को प्रस्तुत की ... दिनांक 15.10.18 को दर्ज रजिस्टर की गयी। रेस्पोडेन्ट को जरिये ... तलब किया गया। दिनांक 16.11.18 को अधिनस्थ न्यायालय ...दार लाडनूं द्वारा प्रेषित रिकॉर्ड इस न्यायालय को प्राप्त हुआ जो ... शामिल किया गया ।

अपीलान्ट के विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गयीं। पत्रावली पर ... रिकार्ड का अवलोकन किया गया। प्रस्तुत प्रकरण में अप्रार्थी द्वारा ...रघुनाथपुरा के खसरा नम्बर 304 रकबा 31.06 बीधा में से 0.05 बीधा ... रकबे पर मकान व दिवार बनाकर राजकीय भूमि पर अतिक्रमण करने ... प्रार्थी को न्यायालय नायब तहसीलदार लाडनूं द्वारा अतिक्रमी घोषित ...सरसरीक रूप से बेदखल किया गया तथा धारा 91 भू–राजस्व अधिनियम ... के तहत जुर्माना रूपये 06/– अक्षरे रूपये छः का अर्थदण्ड आरोपित ... किया तथा बेदखली के आदेश दिये गये।

अपीलान्ट ने अधिनस्थ न्यायालय नायब तहसीलदार लाडनूं को दिया ... जवाब में बताया कि सुनवाई के बगैर निर्णय किया गया है तथा ... भूमि पर रहवासीये मकानात पर्वजो के समय से बने हुवे है तथा ... पानी कनेक्शन भी ले रखे है। तथा आबादी विस्तार के लिये जिला ...कलक्टर नागौर से भी आबादी भूमि के लिये भूमि के आवंटन हेतु भी निवेदन ... हुआ है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर
डीडवाना (नागौर)

गोचर भूमि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आराजी है। जिसमें धारा 16 आर. ... के तहत उक्त भूमि पर किसी प्रकार के खातेदारी अधिकार प्राप्त नहीं ... न ही गोचर भूमि पर ग्राम पंचायत द्वारा आबादी का पट्टा जारी ... सकता है। तथा यह भी साबित नहीं होता कि अपीलान्ट को ... अवसर नहीं दिया गया है, क्योकि अपीलान्ट द्वारा दिनांक 11.9. ... जवाब पेश किया जो पत्रावली पर उपलब्ध है। अधिनस्थ ... पत्रावली पर उपलब्ध प0ह0 सुनारी व भू0अ0नि0 की रिपोर्ट ... में भी नेमाराम पुत्र भागुराम कों गोचर भूमि पर मकान व ... पर अतिक्रमी बताया गया है। तथा मुतनाजा भूमि आबादी ... बाहर खसरा संख्या 304 किस्म गै0मु0 गोचर में स्थिति बताया ... अधिनस्थ न्यायालय द्वारा दिनांक 11.09.18 को किया गया ...

:::: आ दे श ::::

... अपीलान्ट की अपील खारीज की जाकर अधिनस्थ ... दिनांक 11.09.18 बहाल रखा जाता है।

(बिहारी लाल मीणा)
अतिरिक्त जिला कलक्टर
डीडवाना (नागौर)

... दिनांक 23.01.2019 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की ... में सुनाया गया।

(बिहारी लाल मीणा)
अतिरिक्त जिला कलक्टर
डीडवाना (नागौर)